आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. मन की बात के एक सौ पैंतीसवें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देश–विदेश के लोगों के साथ आकाशवाणी के माध्यम से अपने विचार साझा करेंगे ।

2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सेशेल्स के पचासवें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

3. पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस पर उप–राज्यपाल ने जन–प्रतिनिधियों और संगठनों से सहयोग का आहवान किया है।

4. आई टी एफ मैदान में मानसून कार्निवल बना आकर्षण का केन्द्र, स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों ने मिलकर संस्कृति और स्वाद का उत्सव मनाया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में भी यह कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेशेल्स की तीन दिन की यात्रा पर कल दोपहर विक्टोरिया पहुँचे। हवाई अड्डे पर सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने उनका स्वागत किया। श्री मोदी ने हवाई अड्डे पर सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत की सराहना की। प्रधानमंत्री श्री मोदी सेशेल्स की आजादी के 50 वर्ष पूरे होने के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वह सेशल्स के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेशेल्स हिंद महासागर में भारत का एक अहम समुद्री साझेदार और करीबी दोस्त है।

<><><><><><><>

केंद्र शासित प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, विशेषकर जानलेवा और गंभीर चोट वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग ने प्रवर्तन अभियान तेज कर दिया है। परिवहन सचिव के निर्देश पर शुक्रवार को सिप्पीघाट और ब्रिजगंज क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य मोटर वाहन नियमों का पालन सुनिश्चित करने के साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। जांच के दौरान दोपहिया, तिपहिया, हल्के एवं भारी मालवाहक वाहनों, ट्रकों और बसों सहित कुल तिरानब्बे वाहनों की जांच की गई। इनमें सत्रह वाहन विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन करते पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। उल्लंघनकर्ताओं से कुल चालीस हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान सभी चालकों को सड़क सुरक्षा और मोटर वाहन कानूनों के पालन के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया।

<><><><><><><>

लंबा लाइन क्षेत्र में अंडमान निकोबार लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त जल पाइपलाइन की आपातकालीन मरम्मत को देखते हुए विद्युत विभाग ने आज कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखने की घोषणा की है। विभाग के अनुसार सुबह छः बजे से दोपहर एक बजे तक डेयरी फार्म जंक्शन, सीपीडब्ल्यूडी कॉम्प्लेक्स, लंबा लाइन, स्कूल लाइन, मिनी बे के कुछ हिस्सों, गुरुद्वारा लेन के एक भाग, बंगाली क्लब, बिग्गी लेन, मिडिल प्वाइंट, लिंक रोड, वीआईपी रोड, पुलिस लाइन तथा जंगलीघाट के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

आज राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान पांच वर्ष आयु वर्ग तक के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई जाएगी, ताकि देश में पोलियो वायरस के दोबारा प्रवेश की किसी भी आशंका को रोका जा सके और भारत की पोलियो मुक्त स्थिति सुरक्षित बनी रहे। इस अवसर पर अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों, गैर–सरकारी संगठनों, सामुदायिक नेताओं तथा जमीनी स्तर पर कार्यरत सभी कार्यकर्ताओं से अभियान में सक्रिय सहयोग और भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयासों से राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस को सफल बनाकर बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया जा सकता है, ताकि भारत आने वाली पीढ़ियों तक पोलियो मुक्त बना रहे।

<><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में आज राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस मनाया जाएगा। अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर–घर जाकर ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें टीका लगाया जाएगा, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके। अभियान का शुभारंभ आज सुबह साढ़े आठ बजे शहरी स्वास्थ्य केंद्र, जंगलीघाट में आयोजित समारोह से होगा, जहां गणमान्य अतिथि पात्र बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। इस वर्ष द्वीप समूह में चार सौ सैंतालीस पोलियो बूथों पर लगभग उन्नीस हजार तीन सौ तैंतालीस बच्चों को टीका लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हवाई अड्डे, बंदरगाह तथा अन्य ट्रांजिट प्वाइंट पर भी विशेष पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। साथ ही पर्यटकों एवं वन क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को भी अभियान के दायरे में शामिल किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे आज अपने बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलवाएं।

<><><><><><>

आईटीएफ ग्राउंड में पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'मानसून फूड एंड स्पाइस फेस्टिवल–2026' के दूसरे दिन Monsoon Flavours थीम के साथ देश की विविध पाक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का आकर्षक संगम देखने को मिला। विभिन्न राज्यों के व्यंजनों से सजे फूड स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने, वहीं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने शाम को जीवंत बना दिया। पर्यटन कैलेंडर के प्रमुख आयोजनों में शामिल 'मानसून कार्निवल' द्वीपों की बहु–सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के साथ पर्यटन संवर्धन और 'एकता में विविधता' का संदेश दे रहा है। प्रतिदिन शाम चार से रात्रि नौ बजे तक चल रहे इस महोत्सव में स्थानीय विक्रेताओं, स्वयं सहायता समूहों और सांस्कृतिक संगठनों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों के पारंपरिक व्यंजन प्रस्तुत किए। स्टॉल नंबर–बाईस पर शिक्षा निदेशालय के सहयोग से शतरंज और आर्म रेसलिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। सांस्कृतिक संध्या में अंडमान आइलैंड्स फिल्म सोसायटी, डांस नृत्य अकादमी, मेलोडी मिक्स बैंड तथा अंडमान–निकोबार प्रशासन के अधिकारियों–कर्मचारियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। पर्यटन विभाग ने लोगों से आज पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न होने वाले 'मानसून कार्निवल–2026' में शामिल होने की अपील की है।

<><><><><><>

मुख्य भूमि से अंडमान आ रहे दो यात्री जहाज आज हैडो जेट्टी पहुंचेंगे। जहाजरानी सेवा निदेशालय के अनुसार विशाखापत्तनम से रवाना हुआ एमवी स्वराज द्वीप सुबह आठ बजे पहुंचेगा। वहीं, चेन्नई से रवाना हुआ एमवी कैंपबेल बे की सुबह दस बजे पहुंचने की संभावना है।

<><><><><><><>

अंडमान –निकोबार द्वीपसमूह में आगामी दिनों के दौरान मौसम खराब रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल द्वीपों के एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। खराब समुद्री परिस्थितियों को देखते हुए मछुआरों को इस अवधि में समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। साथ ही लोगों से मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की गई है।

<><><><><><><>